दिनांकः 16.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- एसआईआर गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन में राजस्थान देशभर में सबसे आगे–अब तक 95 लाख फॉर्म इसीआई नेट पर अपलोड किये गयें
- कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में मध्य प्रदेश से बाघों को लाने की तैयारियां तेज़–ये राज्य का पहला इंटर स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन होगां
- केन्द्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने खैरथल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रेसलिंग एकेडमी खोलने की घोषणा कीं
- राष्ट्रीय प्रेस दिवस आज–ये दिन प्रेस की स्वतंत्रता और ज़िम्मेदारियों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता हैं

.............................................................................

एसआईआर गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने में राजस्थान देशभर में सबसे आगे हैं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम राजस्थान सहित 12 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में चलाया जा रहा हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य में अब तक 1 लाख 33 हजार फॉर्म्स ऑनलाइन भरे जा चुके हैं उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रपत्रों को डिजिटल रूप में दर्ज करने की प्रक्रिया भी तेजी से जारी हैं अब तक 95 लाख गणना फॉर्म इसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं श्री महाजन ने बताया कि एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया हैं इसे लेकर लोगों को किसी तरह की भ्रांति या पूर्वाग्रह रखने की आवश्यकता नहीं हैं

.............................................................................

सुप्रीम कोर्ट के हाल ही में स्ट्रीट डॉग प्रबंधन पर जारी निर्देशों के अनुसार अब राज्य में इनके लिए शेल्टर, भोजन चिकित्सा और स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगीं स्वायत्त शासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को आठ सप्ताह के भीतर ये व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि सभी नगरीय निकायों में उन परिसरों की सूची तैयार की जा रही है, जहां स्ट्रीट डॉग्स की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगीं इनमें स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड और खेल परिसर तथा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान शामिल हैं

.............................................................................

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में मध्य प्रदेश से बाघों को लाने की तैयारियां तेज हो गई हैं इसके लिए एनक्लोजर बनाने का काम लगभग पूरा हो गया हैं राज्य में पहली बार इंटर स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन होने जा रहा हैं हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि मध्य प्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व से विशेषज्ञों की टीम मुकुंदरा में तैयारियों का जायज़ा लेगीं

.............................................................................

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल राज्य व्यापी घूमर फेस्टिवल 2025 के पोस्टर का विमोचन कियां ये उत्सव 19 नवम्बर को सभी संभागीय मुख्यालयों पर एक साथ होगां इस दौरान श्री शेखावत ने घूमर महोत्सव के जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लियां उन्होंने कहा कि ये आयोजन प्रदेश की कला संस्कृति को नये आयाम देने के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को स्थापित करने का अवसर हैं

.............................................................................

खैरथल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रेसलिंग एकेडमी खोली जाएगीं केन्द्रीय वन मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने सांसद खेल उत्सव के समापन समारोह में ये घोषणा कीं उन्होंने कहा कि एकेडमी में कुश्ती के खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधनों और तकनीक के माध्यम से विश्व स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगीं श्री यादव ने कहा कि इससे खेलों को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगां

.............................................................................

राजधानी जयपुर में सांसद खेल महोत्सव कल से शुरू होगां 25 नवम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव के तहत 7 खेल मैदानों पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगीं

.................................................................................

राजस्थान की मेज़बानी में होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2025 के तहत एथलेटिक्स की सभी स्पर्धाएं जयपुर में होंगीं युवा मामले और खेल विभाग के शासन सचिव तथा राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं सवाई मानसिंह स्टेडियम ट्रैक पर होंगीं उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा लगभग साढ़े पांच सौ खिलाड़ी भाग लेंगें
गौरतलब है कि ये खेल 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक राज्य के 7 शहरों में होंगें इनमें देशभर के 200 विश्वविद्यालयों के 7 हजार से अधिक खिलाड़ी 24 मुकाबलों में भाग लेंगें

.................................................................................

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस हैं यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता हैं राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता हैं इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना भी गई थीं ये परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में पत्रकारिता के मानकों को बनाये रखने के लिए काम करती हैं
राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पीसीआई की स्थापना के उपलक्ष में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, विश्वसनीय और दायित्वपूर्ण प्रेस से ही लोकतंत्र मजबूत होता हैं

.................................................................................

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर सर्द हवाओं के असर से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही हैं सभी जगह रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ हैं कई स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा बना रहने से दृश्यता भी कम हैं करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण इलाकों में लोगों ने अलाव जलाना शुरू कर दिया हैं

.................................................................................

मौसम विभाग के अनुसार आज और कल जयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं तथा सीकर में शीतलहर चलने की संभावना हैं

.................................................................................

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा आज आयोजित की जा रही हैं बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित ये परीक्षा सभी जिलों में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगीं

.................................................................................